तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 4 अप्रैल 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 जिला अस्पताल में एक माह में किए गए...



10 एनएच में रफ्तार का कहरः ट्रक की टक्कर से ...



## खबर संक्षेप

### हनुमान जयंती पर हुआ भंडारा

**जगदलपुर।** नगर के धरमपुरा रोड हिकमी पारा अम्बिका शॉ मिल के सामने स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, नगर के पाणिग्रही परिवार, जोशी परिवार एवं राव परिवार द्वारा यह आयोजन विगत 30 वर्षों ने निरन्तर किया जा रहा है। जिसमें सुबह की नियमित पूजा अर्चना,एवं हवन के बाद दोपहर को महा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया । इसके पश्चात शाम को अम्बिका शॉ मिल मंदिर परिसर में सुन्दरकाण्ड के पाठ का आयोजन किया गया । इस अयोजन में प्रभा जोशी, डॉक्टर प्रतिभा पाणिग्राही, के.गोविन्दा राव, अंशुल पाणिग्राही, देवेश पाणिग्राही, देवेंद्र राव,अज्जू जोशी,राजश्री जोशी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी सम्मिलित हुए।

### ओवर द काउंटर हेल्प डेस्क का उद्घाटन

**जगदलपुर।** प्रदेश में वित्तीय व्यवस्था को पूरी तरह पेपरलेस बनाने की दिशा में आज एक नई शुरूआत हुई। कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज जिला कोषालय में विशेष ओवर द काउंटर हेल्प डेस्क का विधिवत उद्घाटन किया, ताकि डिजिटल बदलाव के इस दौर में आम नागरिकों और स्टैंप वेंडरों को किसी भी प्रकार की तकनीकी असुविधा का सामना न करना पड़े। इस काउंटर की शुरुआत के साथ ही शासन ने स्पष्ट कर दिया है कि बुधवार 1 अप्रैल से पुराने भौतिक चालान पूरी तरह अमान्य हो गए हैं और अब केवल ई-कोष पोर्टल के माध्यम से जनरेट किए गए ई-चालान ही स्वीकार किए जाएंगे। उद्घाटन के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यह हेल्प डेस्क नागरिकों के लिए मार्गदर्शन केंद्र के रूप में कार्य करेगी, जहाँ पोर्टल पर पंजीकरण से लेकर बैंक में राशि जमा करने तक की पूरी प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### जवानों की शहादत को किया नमन

**जगदलपुर ।** छत्तीसगढ़ के नक्सल मुक्त होने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर 1 अप्रैल को शहीद स्व. मुरली तिवारी, थाना लोहंडीगुड़ा में वीर जवानों की शहादत को नमन करते हुए श्रद्धांजलि एवं दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सुरक्षा बलों के सर्वोच्च बलिदान और नक्सलवाद के खात्मे की ऐतिहासिक सफलता को समर्पित है। प्रदेश में नक्सली मुक्त घोषित होने के बाद लोगों में बुधवार को खुशियां मनाई। आयोजन भाजयुमो के द्वारा किया गया जिसमें युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष डॉ बसंत कश्यप ने कहा प्रदेश में नक्सल मुक्त होने से इसका फायदा यहां के लोगों को मिलेगा नक्सलियों के आत्मसमर्पण के चलते सरकार को गांव तक विकास को पहुंचने में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी।

### बस्तर में संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस शुरू

जगदलपुर। बस्तर अंचल के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है, जहां राज्य सरकार द्वारा 15 नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस समर्पित की गई हैं। इस पहल के तहत 1 अप्रैल से नई व्यवस्था के माध्यम से इन एम्बुलेंस सेवाओं का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सकेगी। सरकार के इस निर्णय से विशेष रूप से दूरस्थ और दुर्गम ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को राहत मिलेगी, जहां समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना चुनौतीपूर्ण होता है।

# गुड फ्राइडे पर चर्चों में हुई श्रद्धा और भक्ति के साथ विशेष आराधना

## क्रूस पर बलिदान की स्मृति में श्रद्धालुओं ने किया उपवास व प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मसीह समाज द्वारा गुड फ्राइडे के अवसर पर बस्तर जिले के विभिन्न चर्चों में श्रद्धा और भक्ति के साथ विशेष आराधना संपन्न की गई। 40 दिन के उपवास काल के समापन चरण में आने वाले इस पवित्र सप्ताह को मसीह विश्वासी दुख भोग सप्ताह के रूप में मनाते हैं, जिसमें प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर चढ़ाए जाने की घटना का स्मरण किया जाता है।

शुक्रवार को आयोजित आराधनाओं में श्रद्धालुओं ने प्रभु यीशु के बलिदान को याद करते हुए प्रार्थना और मनन-चिंतन किया। चर्चों में प्रभु यीशु द्वारा क्रूस पर कहे गए सात वचनों पर विशेष प्रवचन हुए, जिनके माध्यम से त्याग, प्रेम और क्षमा का संदेश दिया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार, प्रभु यीशु मसीह ने मानवता के पापों के उद्धार के लिए स्वयं को बलिदान किया था, जिसे गुड फ्राइडे के रूप में श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाता है।

चंदैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल लाल चर्च में भी विशेष आराधना का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं की उपस्थिति में विधिवत प्रार्थना सभा संपन्न हुई। उपवास काल के दौरान युवाओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय का वितरण भी किया गया, जो सेवा और सहयोग की भावना को दर्शाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गुड फ्राइडे से तीन दिन पूर्व प्रभु भोज के दिन प्रभु यीशु को गतसमनी के बाग में उनके ही एक शिष्य द्वारा पकड़वाया ▶▶|शेष पेज 10 पर





### रविवार को मनेगा ईस्टर

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फोरम के प्रदेश उपाध्यक्ष रत्नेश बेंजामिन ने बताया कि गुड फ्राइडे के तीसरे दिन रविवार को ईस्टर का पर्व मनाया जाएगा। जिसे प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन श्रद्धालु कब्रिस्तानों में जाकर अपने दिवंगत परिजनों की स्मृति में फूल, मोमबत्ती और अन्य श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**आंदोलन :** आमजन की परेशानियों को लेकर सड़क पर उतरी कांग्रेस

# गीदम-बारसूर मार्ग की मरम्मत की मांग कांग्रेस का चक्काजाम, 4 घंटे यातायात ठप







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जर्जर हो चुके बारसूर- गीदम सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर शुक्रवार को कांग्रेसियों ने इस मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जर्जर सड़क और इसके गड्ढों से अब तक कई ग्रामीणों की हुई मौतों पर कांग्रेस ने अपना विरोध जताया। चक्काजाम से करीब 4 घंटे तक यह मार्ग बाधित रहा।

जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि इस सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। पर्यटन नगरी बारसूर मंदिरों के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यहां पर सिर्फ बस्तर और छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों से भी पर्यटक आते -जाते रहते हैं। इधर बारसूर-गीदम को निर्माण करने के लिए सरकार के पास कोई फंड ही नहीं बचा है। इस डीएमएफ जिले की पूरी फंड पर प्रदेश के वित्त मंत्री कुंडली मारकर बैठे हैं । आए दिन गीदम- बारसूर मार्ग पर दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। पिछले चार वर्षों में गीदम -बारसूर मार्ग आधा अधूरा निर्माण कार्य किया गया है और आधा करके ही छोड़ दिया है । सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। इसी बारसूर- गीदम सड़क से होकर प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा भी सप्ताहभर पूर्व दौरा कर चुके हैं। इसके बावजूद उन्होंने इस जर्जर सड़क को नजरअंदाज किया। कांग्रेस नेत्री सुलोचना ने चेताया कि इस सड़क का पुनर्निर्माण नहीं करने की स्थिति में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

- बारसूर- गीदम जर्जर सड़क पर जान गंवा रहे लोग : कर्मा

### विरोध की प्रमुख वजह, जर्जर सड़क और हादसे

गीदम - बारसूर मार्ग पर उपेट,पुरन तरई, नागफनी, कोरलापाल, रोंजे, घोटपाल, हिरानार से लेकर गीदम तक पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। एक वर्ष के भीतर अलग - अलग हादसों में अब तक 8 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। यह सभी घटनाएं गड्ढों के चलते हो चुकी है। इसके बाद से सड़क की मरम्मत को लेकर आमजन में लगातार सरकार और प्रशासन के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है। बारसूर से लेकर गीदम जाने वाली करीब 20 किलोमीटर तक का मार्ग बहुत ही जर्जर हो चुका है।

# गर्मियों में वकीलों को राहत कोट पहनना अनिवार्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भीषण गर्मी को देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद ने अधिवक्ताओं को बड़ी राहत प्रदान की है। वरिष्ठ अधिवक्ता सपन देवांगन ने बताया कि परिषद द्वारा जारी निर्देश के अनुसार अब अधिवक्ताओं को ग्रीष्मकाल के दौरान न्यायालय में उपस्थित होते समय काला कोट पहनना अनिवार्य नहीं रहेगा। यह निर्णय भारतीय विधिज्ञ परिषद नई दिल्ली द्वारा अधिवक्ता अधिनियम, 1961 की धारा 49(1) (जी) (जी) के अंतर्गत निर्धारित नियमों के अनुरूप लिया गया है। इसके तहत अधिवक्ताओं को गर्मी के मौसम में ड्रेस कोड में आंशिक छूट दी गई है। जिसमें छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के अधीनस्थ न्यायालयों में कार्यरत अधिवक्ताओं को अप्रैल से 15 जुलाई तक न्यायालय में उपस्थिति के दौरान काला कोट पहनने से छूट रहेगी।



- ग्रीष्मकाल में अधिवक्ताओं को काला कोट पहनने से छूट : सपन

### बाकी निर्धारित ड्रेस कोड होगा लागू

*श्री देवांगन ने बताया कि अधिवक्ताओं को गर्मियों के दौरान काला कोट पहनने से छूट दी गई है। हालांकि सफेद शर्ट, बैंड और अन्य निर्धारित ड्रेस कोड यथावत रहेंगे, जिनमें सादगी और गरिमा बनाए रखना आवश्यक बताया गया है। विधिज्ञ परिषद के इस निर्णय से प्रदेश के अधिवक्ताओं को गर्मी के मौसम में काफी राहत मिलने की उम्मीद है। अधिवक्ताओं का कहना है कि इस प्रावधान के पालन से गर्मी के मौसम में काम करना आसान होगा और स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।*

# एरंडवाल में सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोहंडीगुड़ा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम एरंडवाल भूरीभाटा पारा में सड़क की गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में सड़क नहीं होने के कारण उन्हें रोजमर्रा के जीवन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया है कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। कई बार आपातकालीन स्थिति में समय पर अस्पताल तक पहुंच पाना भी संभव नहीं हो पाता, जिससे लोगों की जान को खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने संविधान के अनुच्छेद 21 का ▶▶|शेष पेज 10 पर

# संस्कृत संरक्षण को लेकर जनगणना में जागरुकता का आह्वान

**जगदलपुर।** वर्ष 2027 तक प्रस्तावित राष्ट्रीय जनगणना को लेकर नागरिकों में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से संस्कृत भाषा के संरक्षण हेतु एक महत्वपूर्ण अपील सामने आई है। इसमें आमजन से आग्रह किया गया है कि जब जनगणना अधिकारी जानकारी एकत्र करने पहुंचे,तब वे अपनी मातृभाषा के साथ-साथ ज्ञात भाषाओं में "संस्कृत" का उल्लेख अवश्य करें।

अपील में कहा गया है कि भले ही आम बोलचाल में संस्कृत का प्रयोग कम होता हो,लेकिन यह भाषा आज भी प्रार्थना, जप, श्लोक,पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों में व्यापक रूप से प्रयुक्त होती है। ऐसे में इसे केवल बोलचाल के आधार पर नहीं, बल्कि सांस्कृतिक उपयोग के आधार पर भी महत्व दिया जाना चाहिए। संदेश ▶▶|शेष पेज 10 पर

### जागरुकता से मिलेगा संस्कृत को संबल

जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं,बल्कि देश की भाषाई और सांस्कृतिक स्थिति का प्रतिबिंब भी होती है। यदि नागरिक अपनी ज्ञात भाषाओं में संस्कृत को शामिल करते हैं, तो इससे इस भाषा की वास्तविक उपयोगिता और व्यापकता सामने आएगी, जिससे इसके संरक्षण, शोध और विकास के लिए नीतिगत स्तर पर प्रोत्साहन मिल सकता है। जागरूकता के अभाव में कई बार पारंपरिक भाषाएं उपेक्षित रह जाती हैं, जबकि उनका सांस्कृतिक महत्व अत्यंत गहरा होता है। ऐसे में यह छोटा-सा प्रयास संस्कृत को जीवंत बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता।

# महंगाई पर कांग्रेस का प्रहार, आर्थिक कुप्रबंधन से बिगड़ा जनजीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में बस्तर जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील मोर्य ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि देश में लगातार बढ़ रही महंगाई का मुख्य कारण आर्थिक कुप्रबंधन और कमजोर कूटनीतिक नीति है, जिससे आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। हाल के दिनों में पेट्रोल,डीजल और गैस की कीमतों में लगातार ▶▶|शेष पेज 10 पर

- ईंधन,गैस और रोजमर्रा की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को बताया आम आदमी पर बोझ
- लगातार बढ़ रहा लोगों का खर्च, बढ़ रही परेशानी





### आय में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो रही

आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आम आदमी की आय में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो रही है, जबकि खर्च लगातार बढ़ रहा है। रोजगार और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को लेकर भी केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाए गए। नेताओं ने कहा कि महंगाई अब आम नागरिकों के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है और इससे निपटने के लिए ठोस कदमों की आवश्यकता है।

## 4—5 मई को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में होगा आयोजन

# इनोवेशन महाकुंभ 1.0 से बस्तर को नई उड़ान, युवाओं की प्रतिभा को मिलेगा मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में 04 एवं 05 मई को आयोजित होने वाले इनोवेशन महाकुंभ 1.0 की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को अकादमिक भवन के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और विभिन्न समितियों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर बताया गया कि महाकुंभ में बस्तर संभाग के दो हजार से अधिक युवा भाग लेंगे,जिनमें विभिन्न महाविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी तथा स्टार्टअप,इनोवेशन और उद्यमिता से जुड़े प्रतिभागी शामिल होंगे। आयोजन के दौरान बेस्ट आईडिया ▶▶|शेष पेज 10 पर

- 2000 से अधिक युवा लेंगे हिस्सा, स्टार्टअप व इनोवेशन को मिलेगा बढ़ावा





### आयोजन बस्तर के लिए होगा परिवर्तनकारी

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह आयोजन बस्तर के लिए परिवर्तनकारी साबित होगा। इससे नवाचार आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप आर्थिक ढांचे का विकास होगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। समीक्षा बैठक में स्वाबलंबी भारत अभियान के पदाधिकारी शंकर त्रिपाठी सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं विभिन्न समितियों के सदस्य उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप

## मुर्गी से भरा तेज रफ्तार पिकअप एनएच-30 में पलटा



**घाटलोहंगा।** बस्तर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत घाटलोहंगा स्थित बस्तर हाट साइंस पार्क के गेट के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 30 पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार मुर्गियों से भरा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में पिकअप में भरी आधे से अधिक मुर्गियों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 05 एवी 3350 में मुर्गियां भरकर धमतरी से ओडिशा के कोरापुट की ओर ले जाई जा रही थीं। इसी दौरान घाटलोहंगा के पास बस्तर हाट साइंस पार्क के गेट के समीप वाहन चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा, जिससे पिकअप सड़क किनारे के साइड में जाकर पलट गया। हादसे में वाहन चालक और हेल्पर सुरक्षित बताए जा रहे हैं। हालांकि पिकअप में भरी बड़ी संख्या में मुर्गियों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। इस दुर्घटना से वाहन मालिक को काफी आर्थिक नुकसान होने की बात कही जा रही है।

## मजबूत नेतृत्व और रणनीति से नक्सलवाद पर नियंत्रण

**गीदम।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने नक्सल-मुक्त भारत की दिशा में प्राप्त ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज भारत एक निर्णायक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है।



एक समय देश का लगभग 70 प्रतिशत भू-भाग नक्सल प्रभाव से प्रभावित था, जिसे रेड कॉरिडोर के नाम से जाना जाता था। इस क्षेत्र में शासन की पहुंच सीमित थी और हिंसा का गहरा प्रभाव था, जिससे करोड़ों नागरिक प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि 1967 में शुरू हुआ नक्सलवाद दशकों तक देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बना रहा। इस हिंसक आंदोलन में 20,000 से अधिक लोगों की जान गई तथा हजारों सुरक्षा बलों के जवानों ने बलिदान दिया। यह केवल एक कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं था, बल्कि एक संगठित वैचारिक चुनौती थी, जिसने देश की स्थिरता और विकास को बाधित किया।

## स्वास्थ्य सेवाओं को मिली मजबूती 6 नई 108 एंबुलेंस रवाना



**दंतेवाड़ा।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दंतेवाड़ा को 6 नवीन 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस प्रदान की गई हैं। इन एंबुलेंसों को दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने हरी झंडी दिखाकर जिले के विभिन्न विकासखंडों के लिए रवाना किया। नई एंबुलेंस सेवाओं के शुरू होने से जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। विशेष रूप से दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे गंभीर परिस्थितियों में मरीजों को त्वरित सहायता मिल पाएगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके, सिविल सर्जन डॉ. अभय तोमर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रतीक सोनी, अंकित सिंह सहित एंबुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।

# साय सरकार विकास के प्रति वचनबद्ध : केदार

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा

कौन कहता है आसमान में छेद नहीं होता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो । जी हां ऐसा ही कुछ इन दिनों सुकमा जिले में देखने को मिल रहा है। कभी नक्सल भय और पेयजल संकट से जूझता सुकमा जिले का दूरस्थ ग्राम लखापाल आज विकास की नई कहानी लिख रहा है।

जिले के सैकड़ों ग्राम जो विकास से वंचित थे अब उस अंधेरे को रोशनी देने का

■ नक्सलगढ़ रहे गांवों में हर घर पहुंचा नल जल, ग्रामीणों के खिले चेहरे

कार्य शासन, प्रशासन ने उठाया है। चिंतलनार के पास स्थित लखापाल में वर्षों तक जहां ग्रामीणों को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता था, वहीं अब हर घर में नल से शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है। यह बदलाव केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन और छत्तीसगढ़ शासन की नियद नेल्लानार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व और कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन में कोंटा विकासखंड के घोर नक्सल प्रभावित ग्राम लखापाल में विकास की वह रोशनी पहुंची है, जिसकी यहां वर्षों से प्रतीक्षा थी। जिला मुख्यालय सुकमा से लगभग 88 किलोमीटर दूर स्थित लखापाल गांव लंबे समय तक नक्सल समस्या और पेयजल संकट की दोहरी मार झेलता रहा।

गांव के 117 परिवार पानी के लिए बोरिंग, कुएं और एक छोटे नाले पर निर्भर थे। गर्मी के दिनों में जलस्तर इतना नीचे चला जाता था कि ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता था। महिलाओं और बच्चों को कई बार दूर-दराज से पानी लाना पड़ता था। समय और मेहनत के साथ-साथ बीमारियों का खतरा भी लगातार बना रहता था। लखापाल में 72 लाख की इस योजना ने गांव का भविष्य ही बदल दिया है। सुकमा जिले के कार्यपालन अभियंता विनोद कुमार राम ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत लखापाल में 72.01 लाख रुपये की लागत से 4 सोलर पंप टंकी स्थापित की गई। इसके माध्यम से गांव में 117 घरेलू नल कनेक्शन दिए गए। गांव की कुल जनसंख्या 465 है, और अब हर परिवार को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

### ग्रामीणों ने जताया प्रशासन के प्रति आभार

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें पानी के लिए भटकना नहीं पड़ता। घर में नल से पानी मिल रहा है, जिससे जीवन आसान, सुरक्षित और सम्मानजनक हुआ है।

## मूलभूत सुविधाओं के साथ पहुंचेगी विकास की रोशनी : कलेक्टर

### लखापाल बना उदाहरण, विकास हर कोने तक पहुंच रहा : केदार



लखापाल में विकास और जल जीवन मिशन की सफलता व ग्रामीणों के चेहरे पर आई मुस्कान पर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हमारी सरकार विकास के प्रति वचनबद्ध है। घोर नक्सल प्रभावित कहे जाने वाले लखापाल में हर घर जल ने साबित कर दिया है कि जब सरकार की योजनाएं ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ जमीन पर उतरती हैं, तो नक्सल प्रभावित और दूरस्थ क्षेत्रों में भी विकास की नई रोशनी पहुंचती है। उन्होंने कहा कि लखापाल गांव केवल पानी की सुविधा नहीं पा रहा बल्कि वह भय से मुक्त होकर आत्मनिर्भरता और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।



### प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाओं का होगा विस्तार



कलेक्टर अमित कुमार ने बताया कि जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्राम लखापाल जैसे दूरस्थ और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना प्रशासन की बड़ी उपलब्धि है। इससे ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जिले के प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाकर विकास की रोशनी हर क्षेत्र तक पहुंचाई जाएगी।

### राहत ही नहीं बल्कि नए जीवन की उम्मीद

महिलाओं की आंखों में राहत, चेहरे पर मुस्कान इन दिनों विकास की नई इबारत लिख रही हैं। गांव की महिला श्रीमती लखे तेलाम भावुक होकर बताती हैं कि पहले पानी के लिए बहुत परेशानी होती थी। नाले और बोरिंग से पानी लाना पड़ता था। कई बार मौसमी बीमारी हो जाती थी। महुआ बीनकर लौटने के बाद पानी लेने जाना बहुत मुश्किल होता था। अब नल से घर में ही दिनभर पानी मिलता है। हम बहुत खुश हैं। शासन की योजना बहुत अच्छी है। उनकी बातों में केवल राहत नहीं, बल्कि एक नए जीवन की उम्मीद झलकती है।

### जहां डर के साये से जीते थे, अब विकास की राह

गांव के निवासी तेलाम बुधु बताते हैं कि पहले लखापाल में भय का माहौल था। हमारा गांव पहले नक्सल समस्या से प्रभावित था। लोग ख़ौफ़ में जीते थे। बिजली, पानी और सड़क की समस्या थी। गांव में पहले नक्सलियों की मीटिंग होती थी। गांव वालों से पैसा और चावल-दाल जमा कराया जाता था। लेकिन अब बदलाव आ गया है। अब पंचायत की मीटिंग ग्राम विकास के लिए होती है। बिजली, पानी, राशन और सड़क की सुविधा मिल रही है।" उनके शब्द साफ कहते हैं अब गांव में डर नहीं, विकास की चर्चा होती है।

### जीवन शैली में आया बदलाव

लखापाल में जहां स्वच्छ जल से स्वास्थ्य में सुधार, बीमारी में कमी आई है तो दूसरी ओर जल जीवन मिशन के लागू होने के बाद लखापाल में सिर्फ पानी की सुविधा नहीं आई, बल्कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बड़ा परिवर्तन देखने को मिला। अब जल जनित बीमारियों में कमी आई है और स्वच्छ पेयजल के कारण ग्रामीणों की जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आया है।

### अब सब्जी-बाड़ी से आत्मनिर्भरता की ओर गांव

नल जल योजना से पानी मिलने के बाद ग्रामीणों ने खेती और बाड़ी की ओर कदम बढ़ाया है। अब गांव के लोग अपने घर के आसपास टमाटर, मिर्ची, बरबट्टी, सेमी और खट्टा भाजी उगा रहे हैं। इससे न केवल घर में सब्जी की व्यवस्था हो रही है, बल्कि बाजार से सब्जी खरीदने का खर्च भी बच रहा है।

## हनुमान प्रकटोत्सव पर श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हुआ नगर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मददेड

चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान श्री हनुमान के प्रकटोत्सव को लेकर मददेड क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह देखा गया। 2 अप्रैल को प्रातः 5:30 बजे से श्रीराम मंदिर परिसर में भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान हनुमान को सिंदूर चढ़ावा अर्पित कर पंचामृत से विशेष अभिषेक किया गया।

इसके पश्चात श्रीराम मंदिर सेवा समिति मददेड श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया। जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें पुड़ी-सब्जी, बूंदी लड्डू एवं पुलीहारा का विशेष प्रसाद शामिल। इस पुनीत कार्य में परमानंद भट्टड़ एवं उनके परिवार द्वारा पूड़ी-सब्जी, वेंकट कृष्णा द्वारा बूंदी लड्डू तथा ओद्दी घनश्याम द्वारा पुलीहारा प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। श्रीराम मंदिर सेवा समिति मददेड ने समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सपरिवार उपस्थित होकर इस धार्मिक आयोजन में भाग लें और पुण्य लाभ अर्जित करें। समिति द्वारा सभी सहयोगियों एवं दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रभु सीताराम एवं भगवान हनुमान से सभी के सुख-समृद्धि और मंगल जीवन की कामना की गई है।

### भक्तजनों ने किया सुंदर पाठ...



**भानपुरी।** हनुमान जयन्ती के शुभ अवसर पर भानपुरी में हनुमान मंदिर परिसर में भक्तजनों ने सुंदर पाठ किया।

## मावली माता मंदिर में हुआ 5 दिवसीय मेला जात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छिंदगढ़ की मूसरिया माता मंदिर परिसर में धूमधाम से पांच दिवसीय मेला का आयोजन संपन्न हुआ। छिंदगढ़ के मुसरिया माता मंदिर में विगत कई वर्षों से मेला एवं माता के जात्रा का कार्यक्रम संपन्न होता आ रहा है। जिसे संपन्न कराने विशेष रूप से सुकमा जमींदार परिवार के सदस्य किरण सिंह देव एवं उनका परिवार शामिल होता आ रहा है। इस वर्ष भाजपा के संगठन के कार्यक्रम के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव संगठात्मक दौरे पर किन्हीं और क्षेत्र में व्यस्त रहने के कारण उनकी गैर मौजूदगी में सुकमा जमींदार परिवार के करीबी भाजपा जिला महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान ने माता मंदिर में जात्रा का कार्यक्रम संपन्न कराया। छिंदगढ़ मुख्यालय में पिछले पांच दिन से मेला व जात्रा का आयोजन हो रहा है। इसमें दो दिन पूर्व मावली माता के मंदिर में पूजा विधान के पश्चात आज मां मूसरिया माता व दुरपुता माता का पूजा जात्रा विधान रहा। सुकमा जमींदार परिवार के करीबी विश्वराज सिंह चौहान जरूरी सामग्री के साथ पूजा विधान संपन्न कराया एवं छिंदगढ़ के साथ-साथ सुकमा जिले के क्षेत्र के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नक्सल दहशत से मुक्त हुआ केरलापेंदा जय श्रीराम के घोष के साथ हुआ भंडारा



**सुकमा।** जिले के केरलापेंदा स्थित ऐतिहासिक राम मंदिर प्रांगण में शांति और सुरक्षा की ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में श्री हनुमंत भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन बस्तर सहित छत्तीसगढ़ से सशस्त्र नक्सलवाद के समापन के संकल्प की पूर्ति पर आयोजित हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र में नई उम्मीद, विश्वास और उत्साह का संचार किया। वर्षों तक भय और हिंसा के साये में जीने वाले ग्रामीणों के लिए यह क्षण गौरव और भावुकता से भरा रहा। 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के पावन अवसर पर आयोजित इस भंडारे में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। विशेष बात यह रही कि लगभग 70 वर्ष पुराना यह राम मंदिर लंबे समय तक नक्सल दबाव के कारण बंद पड़ा रहा था, जो बस्तर में सुरक्षा स्थिति बेहतर होने के बाद दो वर्ष पूर्व पुनः प्रारंभ हुआ। आज उसी मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़, भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन यह दर्शाता है कि अब बस्तर भय नहीं, आस्था और शांति के मार्ग पर आगे बढ़ चुका है। चार दशकों से अधिक समय तक नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, विशेषकर बस्तर अंचल को गहरे घाव दिए। हजारों जानें गईं, विकास कार्य बाधित रहे और आमजन का जीवन असुरक्षा के वातावरण में गुजरता रहा। लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संकल्प के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा में नक्सलवाद के अंत की दिशा में निर्णायक सफलता ने यह साबित कर दिया है कि मजबूत इच्छाशक्ति और प्रभावी रणनीति से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

## गैस संकटः लंबी कतारों में जूझते ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल



जिले के कोंटा क्षेत्र में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। सरकार जहां एक ओर पर्याप्त गैस उपलब्ध होने के दावे कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। गांव-गांव से आए सैकड़ों ग्रामीण सुबह से ही गैस

■ सरकार के दावों पर उठे गंभीर सवाल

एजेंसियों और वितरण केंद्रों के बाहर लंबी कतारों में खड़े हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें सिलेंडर नसीब नहीं हो रहा।

ताजा मामला नगर पंचायत दोरनापाल का है, जहां गैस वितरण के लिए जैसे ही वाहन बाजार स्थल पर पहुंचा, लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वाहन में सीमित संख्या में ही सिलेंडर मौजूद थे, जबकि लेने वालों की संख्या सैकड़ों में थी। इस असंतुलन ने हालात को और बिगाड़ दिया। महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चों के साथ पहुंचे ग्रामीण धूप में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे, लेकिन कई लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा।

इस गंभीर स्थिति ने सरकार के दावों की पोल खोल दी है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बबिता माड़वी ने इस मुद्दे को लेकर मौजूदा भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार बार-बार यह कह रही है कि गैस की कोई कमी नहीं है, तो आखिर जमीनी स्तर पर यह संकट क्यों दिखाई दे रहा है, क्यों आम जनता को अपने ही हक के लिए घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है।

बबिता माड़वी ने कहा कि अगर गैस पर्याप्त मात्रा में है, तो वितरण व्यवस्था इतनी चरमराई हुई क्यों है। क्या सरकार को ग्रामीणों की परेशानियां दिखाई नहीं दे रही हैं। यह स्थिति स्पष्ट रूप से प्रशासनिक विफलता और लापरवाही को दर्शाती है। उनके इस बयान के बाद स्थानीय स्तर पर आक्रोश और भी बढ़ गया है। वहीं, इस पूरे मामले में गैस वितरक ने भी सच्चाई उजागर कर दी है। वितरक ने स्वीकार किया कि एजेंसी में पिछले कुछ समय से गैस सिलेंडर की सप्लाई लगातार कम आ रही है, जिसके चलते सभी उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर देना संभव नहीं हो पा रहा है। इस स्वीकारोक्ति ने यह साफ कर दिया है कि समस्या केवल भीड़ या अव्यवस्था की नहीं, बल्कि सप्लाई सिस्टम में ही गंभीर खामी है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें रोजमर्रा के काम छोड़कर घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, फिर भी गैस नहीं मिलती। एक महिला ने बताया,सुबह से लाइन में खड़े हैं, लेकिन अब तक सिलेंडर नहीं मिला। घर में खाना बनाना मुश्किल हो गया है। ऐसी कई कहानियां हैं जो इस संकट की गंभीरता को बयां करती हैं।

### एकलव्य खेल परिसर का कलेक्टर ने लिया जायजा



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर दिनेश कुमार ध्रुव के द्वारा जावंगा स्थित एकलव्य खेल परिसर, निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम, स्विमिंग पुल, स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जिले में खेल परिदृश्य को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक बुनियादी सुविधाओं विकसित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षकों एवं क्रीडा तथा शिक्षा अधिकारियों से चर्चा किया। कलेक्टर ने सर्वप्रथम एकलव्य खेल परिसर का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों हेतु फिजियोथेरेपिस्ट, डायटिशियन, न्यूट्रिशन को नियुक्त करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने खेल मैदान में विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था के सुचारू संचालन तथा प्रसाधन कक्षों के निर्माण, नाली मरम्मत कार्य, के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

## टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



जिले के जनप्रिय नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश गागड़ा गुरुवार को कुटरू मंडल के ग्राम केतुलनार पहुंचे, जहां टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा उनका गर्मजोशी के साथ गाजे-बाजे और पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पूर्व मंत्री महेश गागड़ा तथा द्वितीय पुरस्कार ग्राम सरपंच द्वारा रखा गया। उद्घाटन मैच केतुलनार और तुमला की टीमों के बीच खेला गया, जिसे देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। इस अवसर पर गागड़ा ने कहा कि खेलों से युवाओं में एकता, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि वे उनके समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। गागड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि तथा ग्राम पंचायत के प्रमुखजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



बीजापुर जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने अपने मूल कार्य के अलावा अन्य विभागों के कार्य में लगाए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। इस संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 6 घंटे का निर्धारित कार्य समय होने के बावजूद अन्य विभागों के कार्यों में भी लगाया जा रहा है। इससे न केवल उनका मूल कार्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि उन्हें मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने उल्लेख किया कि शासन द्वारा पूर्व में आदेश जारी कर स्पष्ट किया गया था कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आईसीडीएस विभाग के अलावा अन्य कार्य नहीं लिए जाएंगे। इसके बावजूद उन्हें बीएलओ ड्यूटी, सर्वे कार्य सहित अन्य जिम्मेदारियों में लगातार लगाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि छोटे बच्चों की देखभाल और पोषण जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक सही तरीके से नहीं पहुंच पा रहा है। हाल ही में रायपुर में आयोजित बैठक में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया था, जहां प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों ने एक स्वर में अन्य विभागों के कार्य से मुक्ति की मांग की। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें केवल उनके विभागीय कार्य तक सीमित रखा जाए ताकि वे पूरी जिम्मेदारी और गुणवत्ता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

## 9 संजीवनी एंबुलेंस से दूर-दराज तक पहुंचेगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



नक्सल मुक्त होने के बाद बीजापुर जिले में विकास की रफ्तार अब हर क्षेत्र में तेज होती नजर आ रही है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने हेतु जिले को 9 नए संजीवनी एंबुलेंस वाहनों की सौगात मिली है, जो सुदूर और पहले से पहुंच से वंचित क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

राज्य कार्यालय से प्राप्त इन एंबुलेंसों को जिला अस्पताल बीजापुर के साथ-साथ पीएचसी पामेड़, कुटरू, आवापल्ली, फरसेगढ़ एवं सीएचसी भैरमगढ़, भोपालपटनम में तैनात किया गया है। नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी ने इन एंबुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्टर संबित मिश्रा ने इस पहल को नक्सल मुक्त बीजापुर के नए दौर की शुरुआत बताते हुए कहा कि अब प्रशासन बिना किसी बाधा के दूरस्थ गांवों तक पहुंच बना पा रहा है। उन्होंने कहा कि ये एंबुलेंस सेवाएं ग्रामीणों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होंगी।

प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। नक्सल प्रभाव से मुक्त होने के बाद जिन क्षेत्रों में पहले स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सीमित थी, वहां अब तेजी से सुधार हो रहा है। आपातकालीन स्थिति में मरीजों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की सुविधा मिलने से जनजीवन में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 59 यशवंत नगर निवासी 18 वर्षीय पियूष दास पिता विश्वजीत ने 2 अप्रैल को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिसस उसका मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने महुआ पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है।

### शराब पीने की सुविधा दी, दुकानदार पकड़ाया

**कांकेर।** गोण्डाहूर थानांतर्गत पीव्ही 53 आनंदनगर में दुकान के सामने शराब पीने के लिए अवैध रूप से सुविधा देने वाले आरोपी पीव्ही 53 आनंदनगर निवासी 51 वर्षीय रामकृष्ण देवनाथ पिता स्व. वासुदेव को पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी रामकृष्ण देवनाथ 2 अप्रैल को अपने किराना दुकान के सामने अवैध रूप से धन अर्जित करने के लिए कुछ व्यक्ति को बैठाकर शराब पीला रहा था।

### जमीन बंटवारे को लेकर बहू से मारपीट

**कांकेर।** अंतागढ़ थाना क्षेत्र के ऊपरपारा में एक बार फिर पारिवारिक विवाद ने खतरनाक मोड़ ले लिया, जहां जमीन बंटवारे की बात ने रिश्तों को इस कदर झकझोर दिया कि मामला मारपीट और जान से मारने की धमकी तक जा पहुंचा। जानकारी के अनुसार ऊपरपारा अंतागढ़ निवासी 27 वर्षीय नूतन सोनी, जो सिलाई का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती है, ने थाना अंतागढ़ में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि 31 मार्च की सुबह करीब 9 बजे उसकी सास सकून सोनी और देवर विकास सोनी के साथ जमीन बंटवारे को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए न केवल उसे अपमानित किया, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी।

# 2000 सांप, पक्षी व अन्य जीव-जंतुओं का रेस्क्यू कर प्राकृतिक रहवास में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

वाइल्ड एनिमल रेस्क्यू टीम बस्तर वन मण्डल के वॉलेन्टियर्स को डीएफओ उत्तम गुप्ता द्वारा नए रेस्क्यू इक्विमेंट्स दिया गया। टीम में जिले के 13 कर्मचारी शामिल हैं, जिससे 112 जैसे के साथ जोड़ा गया हैं। ऐसे टीम द्वारा इस वर्ष लगभग 2000 सांप, पक्षी एवं अन्य सरिसृपों का सुरक्षित रेस्क्यू कर उन्हें उनके प्राकृतिक रहवास में मुक्त किया गया। वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए इस वर्ष 2000 से अधिक सांपों, पक्षियों और अन्य सरीसृपों का सुरक्षित रेस्क्यू किया है। इन वन्यजीवों को शहर के रिहायशी इलाकों के कब्जे से छुड़ाकर वापस उनके प्राकृतिक रहवास (जंगल) में छोड़ दिया गया है।

## वाइल्ड एनिमल रेस्क्यू टीम को डीएफओ ने दिया रेस्क्यू इक्विपमेंट्स

### सांपों से ऐसे करें बचाव

रेस्क्यू टीम के अनुसार घर के आसपास की जगह को साफ रखें, बोरे व बैग को ऊंचाई पर रखें। जमीन पर सोते समय अनिवार्य रूप से मच्छरदानी का उपयोग करें। जमीन पर रखे बिस्तर, कपड़े, जूते की पहले जांच कर लें। सांप दिखने पर शांत रहे, शोरगुल न करें। सांप पकड़ने वाले विशेषज्ञ की मदद लें, सांप को मारने का विचार न करें। शाम से लेकर रात तक झाड़ियों व घने जंगल में जाने से बचें, जरूरी होने पर टार्च का उपयोग करें।



### टीम को दिए निर्देश

बस्तर के वन मंडलाधिकारी ने बताया कि सांप प्रकृति और पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, इसलिए रेस्क्यू के दौरान टीम के सदस्यों को अपनी और वन्य प्राणियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने संबंधी निर्देश दिए। टीम के साथ एसडीओ योगेश कुमार रात्रे, देवलाल दुग्गा भी जुड़े हुए हैं।

रेस्क्यू का उद्देश्य मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करना और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है। वन विभाग ने इन सभी वन्यजीवों को उनके अनुकूल प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया, ताकि वे स्वतंत्र रूप से जी सकें। स्पेक्टेकल्ड कोबरा (नाग), रसल वाइपर, रैट स्नेक (धामन), बैंडेड करैत और इंडियन रॉक पायथन (अजगर) जैसे सांपों को रिहायशी इलाकों से पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया है। इन प्रयासों के पीछे का मुख्य उद्देश्य न केवल वन्यजीवों को बचाना है, बल्कि लोगों को सांपों के प्रति शिक्षित करना और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करना है। इन रेस्क्यू किए गए जानवरों को उनके प्राकृतिक आवास (जंगल) में मुक्त कर दिया जाता है।

## खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स का समापन, अधिकारियों ने किया खिलाड़ियों से संवाद

# खिलाड़ियों को मिला सफलता का मूल मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स 2026 के अंतर्गत बस्तर में आयोजित एथलेटिक्स स्पर्धाओं के समापन के

- धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में अधिकारियों ने किया सीधा संवाद, बढ़ाया खिलाड़ियों का आत्मविश्वास

बाद क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में एक प्रेरणादायक माहौल देखने को मिला, जब सभी खिलाड़ी एक स्थान पर एकत्र हुए और वरिष्ठ अधिकारियों ने उनसे सीधे संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान खिलाड़ियों को न केवल उनके प्रदर्शन के लिए सराहा गया,बल्कि उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

आईजी सुंदरराज पी, कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर आकाश छिकारा, एसपी शलभ सिन्हा तथा अपर कलेक्टर एवं सहायक संचालक ऋषिकेश तिवारी



अधिकारियों ने खिलाड़ियों को अनुशासन,निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं,बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों को हर परिस्थिति में सकारात्मक सोच बनाए रखने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

संवाद के दौरान खिलाड़ियों को आधुनिक संसाधनों के उपयोग के साथ-साथ मैदान में निरंतर मेहनत करने की सीख दी गई। अधिकारियों ने कहा कि तकनीक से सीखना महत्वपूर्ण है, लेकिन असली सफलता वही है जो अभ्यास और संघर्ष के जरिए हासिल होती है। इस अवसर पर सुकमा की प्रतिभाशाली खिलाड़ी स्मिता कटामी की विशेष सराहना की गई, जो क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में रहकर प्रशिक्षण ले रही है और अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनकर उभरी हैं।

### सफलता के बताए सूत्र

समापन अवसर पर अधिकारियों ने क्रमबद्ध तरीके से खिलाड़ियों को सफलता के प्रमुख सूत्र बताए। सबसे पहले नियमित अभ्यास को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया, जिससे कौशल में निरंतर सुधार हो सके। इसके साथ ही अनुशासन और फिटनेस को खिलाड़ी के व्यक्तित्व की नींव बताया गया। मानसिक मजबूती को कठिन परिस्थितियों में टिके रहने का आधार माना गया, वहीं सकारात्मक सोच को सफलता की दिशा में ऊर्जा का स्रोत बताया गया। अधिकारियों ने यह भी समझाया कि सीखने की निरंतर इच्छा ही खिलाड़ी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाती है। इन सभी पहलुओं को अपनाकर ही खिलाड़ी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं और खेल जगत में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं।



## हर्षोल्लास से मना नगरनार मेला



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत नगरनार में ऐतिहासिक वार्षिक मेलात्सव (चैत्र मंडाई) का आयोजन बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। माँ भंडारनी की पावन धरा में ग्राम पंचायत नगरनार में महाराजा कमलचंद भंजदेव और छेत्रीय विधायक किरणदेव सिंह के साथ गाँव में स्थित माँ भंडारनी गुड़ी में आकर विधि विधान से पूजा किए। उसके बाद माता की छत्र और बस्तर महाराजा को फूलों से सजी रथ में विराजमान कर पूरे मेले की परिक्रमा कराई गई। रथ परिक्रमा के समय तेज आंधी तूफान और बारिश भी हुई इसके बाद भी राजा की एक झलक के लिए लोगों की भीड़ उमड़ आई। रथ के सामने आदिवासी नृत्य, भुजिया धर्म के कीर्तन नृत्य,ओडिशा से आई माँ काली की झांकी,बैंड बाजा और भी कहीं प्रकार की प्रस्तुति देखने को मिली।

## परिवहन मंत्री ने किया आटोमेटिक फिटनेस सेंटर का निरीक्षण...



**जगदलपुर।** शासन के परिवहन मंत्री केदार कश्यप द्वारा घाटलोहंगा स्थित आटोमेटिक फिटनेस सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सेंटर में कम संख्या में वाहन आने पर चिंता जाहिर किया गया एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शत-प्रतिशत फिटनेस करवाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दए गए। इस दौरान क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे आदि शामिल रहे।

## महावीर एवं हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**भानुप्रतापपुर।** महावीर जन्मोत्सव एवं हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जीव दया और सेवा भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोटना चारा एवं पक्षियों के लिए पानी के सकोरे वितरित किए गए। यह सेवा कार्य प्रदेश उपाध्यक्ष चेम्बर ऑफ कॉमर्स छत्तीसगढ़ प्रदीप जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पार्षद रजिंदर कौर, व्यवसायी मोहन हर्दवानी, अनंतगोपाल कोठारी, जीवन जैन, राकेश रमानी, नरोत्तम चौहान, यश कथूरिया, सुशील आहूजा, अजय लखानी, आनंद जैन एवं प्रदीप नवलानी सहित कई नागरिक मौजूद रहे।



# 5 किलो गांज जब्त, दो आरोपी समेत एक अपचारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

गांजा तस्करी में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बार फिर नशे के कारोबार पर कड़ा प्रहार किया है। इस कार्रवाई में एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल है।

कांकेर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम देवकोगेंरा मार्ग स्थित पुलिया के आगे दो युवक मोटरसाइकिल में अवैध रूप से गांजा लेकर बिक्री के उद्देश्य से खड़े हैं। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी ने थाने की टीम गठित कर मौके पर घेराबंदी की गई। घेराबंदी के दौरान दोनों संदिग्धों को पकड़ा गया, जिन्होंने अपना नाम आर्यन श्रीवास्तव 22 वर्ष निवासी आतुरगांव तथा



एक विधि से संघर्षरत बालक बताया। तलाशी लेने पर आर्यन श्रीवास्तव के पास से 4 किलो 930 ग्राम गांजा, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल बरामद हुआ, जिसकी कुल कीमत लगभग 2 लाख 96 हजार 500 रुपये आंकी गई। इसके अलावा संघर्षरत बालक के पास से 270 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत 13 हजार 500 रुपये बताई गई, जब्त किया गया। दोनो आरोपियों से 5 किलो 200 ग्राम गांजा, एक मोटरसाइकिल एवं मोबाइल जब्त कर कुल जुमला कीमत लगभग 3 लाख 10 हजार रुपये आंकी गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली कांकेर में अपराध क्रमांक 122/2026 के तहत धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई और न्यायालय में पेश किया गया।

# स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत 7 से होगी लोगों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर संभाग में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को चिकित्सा सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में राज्य शासन ने एक ऐतिहासिक पहल की है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आगामी 7 अप्रैल से पूरे संभाग में स्वस्थ बस्तर अभियान का आधिकारिक शंखनाद किया जा रहा है। सार्वभौमिक स्वास्थ्य जांच एवं निरंतर स्वास्थ्य देखभाल के इस वृहद कार्यक्रम के अंतर्गत बस्तर के सभी सात जिलों की शत-प्रतिशत आबादी को स्वास्थ्य कवच के दायरे में लाने का लक्ष्य रखा गया है। इस महत्वाकांक्षी अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके तहत संभाग के प्रत्येक नागरिक का न केवल विस्तृत परीक्षण किया जाएगा, बल्कि उनका एक व्यक्तिगत डिजिटल स्वास्थ्य प्रोफाइल भी तैयार होगा, जिससे भविष्य में उनके उपचार की निरंतरता बनी रहे।

स्वस्थ बस्तर अभियान की सफलता को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं। गुरुवार को जगदलपुर स्थित कमिश्नर कार्यालय में आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अभियान की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। इस कार्यशाला में यह स्पष्ट किया गया कि पहुंचविहीन और दुर्गम वन क्षेत्रों में रहने वाली जनता को मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए गांवों, टोलों और पारों की शत-प्रतिशत मैपिंग पूर्ण कर ली गई है। मैदानी स्तर पर जांच के दौरान यदि किसी व्यक्ति में गंभीर बीमारी के लक्षण पाए जाते हैं, तो उन्हें बिना किसी विलंब के उच्च स्तरीय उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों या सीधे मेडिकल कॉलेज के लिए संदर्भित किया जाएगा, ताकि उन्हें समय पर समुचित चिकित्सा सुविधा मिल सके। अभियान के संचालन में पारदर्शिता और सटीकता बनाए रखने के लिए इस बार डिजिटल तकनीक का व्यापक सहारा लिया जा रहा है।

## चंदिया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में मना गुड फ्राइडे



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

चंदिया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में विश्व प्रभु भोज की पवित्र विधि पासवान के अगुवाई में संपन्न कराई गई। उसके पश्चात शुभ शुक्रवार (गुड फ्राइडे)की गंभीर आराधना प्रचार कमेटी अध्यक्षा अमृता फाउलर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर अपार कष्ट सहते हुए भी उन्होंने मानव कल्याण हेतु पिता परमेश्वर से उन्होंने विनती की और जो उन्होंने विनती की थी। उन्हीं सात वचनों को विभिन्न वक्ताओं द्वारा चिंतन मनन द्वारा कलीसिया के सामने प्रस्तुत किया गया, वो वक्ता जिन्होंने सात वाणी पर प्रकाश डाला वह है। रेव्ह. यूसुफ सिंह, कविता सोमा, ग्रेसिना सिंह, हस्तु नाग, एलिसन इशाक एवं मीना दयाल द्वारा प्रकाश डाला। विदित हो कि मसीही परंपरा के अनुसार 40 दिन की जो उपवास कालीन आराधना है। वह मसीह यीशु द्वारा पापियों के लिए दुख उठाने की पवित्र गाथा है, जिसे पूरे




40 दिन दुख भोग सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। मसीह विश्वास में आस्था रखने वाले विश्वासी इन दिनों स्वयं को उपवास के साथ तैयार करते हैं कि वे मसीह यीशु की मार्मिक कथा में खुद को शामिल कर सकें। प्रभु यीशु द्वारा उद्धार की कथा को महसूस करते हुए अपने विश्वास में दृढ़ बने रहे। इस अवसर पर फ्रेजरपुर क्रमांक 3 के महिलाओं एवं क्वायर द्वारा और श्रीमती संध्या कुशल, निशिता सिंह, आदिश सिंग, रौनी सामंत, रोनाल्ड सीबी सिंह एवं साथियों द्वारा विशेष गीत भी गाया गया। इसके पश्चात रेव्ह. रविंद्र नाथ के आशीष वचनों के द्वारा सभा समाप्त की गई। उसके साथ ही कलिसिया में शामिल हुए युवा एवं बच्चों द्वारा कलीसिया लोगों के लिए पेयजल और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही चालीस दिवसीय उपवास की समाप्ति की गई। इसकी जानकारी प्रवक्ता अनिमेष दास द्वारा दी गई।

### क्रूस की कथा का किया वर्णन

वक्ताओं ने बताया कि पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए और शारीरिक कमी घटी के बावजूद प्रभु यीशु की परिपूर्णता एवं हमारे लिए किए गए उनके बलिदान और समर्पण हमारी जीवन के लिए कितने आवश्यक हैं। वचनों एवं विशेष गीतों के माध्यम से क्रूस की कथा का वर्णन किया गया। विश्वासियों का एक बड़ा झुंड इन सभा में उपस्थित रहकर प्रभु की महिमा की।

# नक्सलमुक्त भारत संकल्प पर भाजपा का आभार बस्तर के विकास को मिलेगी नई रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने नक्सलमुक्त भारत के संकल्प की सिद्धि पर देश के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। पार्टी का कहना है कि इस

- 31 मार्च की समयसीमा में मिली सफलता को ऐतिहासिक बताया

पहल से छत्तीसगढ़ सहित बस्तर अंचल में विकास की नई दिशा और गति सुनिश्चित होगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनके दृढ़ संकल्प और प्रभावी रणनीति के चलते वर्षों पुरानी नक्सल समस्या का समाधान संभव हो सका। साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा के प्रति भी आभार जताया गया। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलमुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने समन्वित रूप से कार्य किया। इस दौरान सुरक्षा बलों ने अदम्य साहस और समर्पण का परिचय देते हुए क्षेत्र को हिंसा और भय के वातावरण से मुक्त कराया। नक्सलवाद के कारण जहां एक ओर विकास बाधित रहा,वहीं दूसरी ओर अनेक निर्दोष नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सुरक्षा बल के जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने विश्वास जताया कि इस उपलब्धि के बाद अब बस्तर सहित पूरे प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और आम जनता को इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

### तेजी से होगा विकास

नक्सलमुक्ति को लेकर भाजपा ने इसे केवल सुरक्षा की दृष्टि से नहीं,बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का महत्वपूर्ण पड़ाव बताया है। वर्षों से प्रभावित बस्तर क्षेत्र में अब शिक्षा, स्वास्थ्य,सड़क और रोजगार के नए अवसर तेजी से विकसित होंगे। भयमुक्त वातावरण में निवेश और आधारभूत संरचनाओं के विस्तार को बल मिलेगा,जिससे स्थानीय युवाओं को मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर मिलेगा। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक इच्छाशक्ति का परिणाम है,बल्कि सुरक्षा बलों के साहस, स्थानीय जनता के सहयोग और नेतृत्व के स्पष्ट विजन का समन्वित प्रतिफल भी है।

